# गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
# बांसवाड़ा (राज.)

**DATE 15-07-2022**

# MOCK TEST PAPER

# REET EXAMINATION

## (LEVEL 2 - SOCIAL STUDIES)

**NAME OF CANDIDATES -**

- **TOTAL QUESTIONS-120**
- **MAXIMUM MARKS -120**
- **TIME PERIOD – 2 HOURS**

| SECTION | CONTENTS | NO OF QUESTIONS | QUESTION NOS. | | PAGE NOS. | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | FROM | TO | FROM | TO |
| (i) | CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY | 30 | 1 | 30 | 2 | 7 |
| (ii) | LANGUAGE-1 (HINDI) | 30 | 31 | 60 | 8 | 11 |
| (iii) | SOCIAL STUDIES | 60 | 61 | 120 | 12 | 23 |

- *प्रत्येक प्रश्न का अंक भार एक अंक हैं।*
- ***OMR** शीट मे निर्देशानुसार प्रविष्टि करने के बाद प्रश्नों के उत्तर देना आरंभ करे,* **OMR** *मे प्रश्न के सामने अंकित गोले मे ⬤ स्पष्ट अंकन करें।*

# SECTION-A

## बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ

**TOTAL QUESTIONS-30**

**1.** बाल केंद्रित शिक्षण विधि का अर्थ है?

(A) बच्चों को शिक्षक का अनुसरण और अनुकरण करने के लिए कहना

(B) बच्चों को पूर्ण रूप से स्वतंत्रता देना

(C) बच्चों को नैतिक शिक्षा देना

(D) बच्चों की अभिव्यक्ति और उनकी सक्रिय भागीदारी को महत्व देना

**2.** बुद्धि विषय में आधुनिक अवधारणा है ?

(A) मस्तिष्क में तर्क का गुण

(B) अनुभव से प्राप्त करने की योग्यता

(C) जीवन की समस्याओं को हल करने का गुण

(D) उपर्युक्त मे से कोई नहीं

**3.** बहु बुद्धि सिद्धांत के जनक कौन है ?

(A) वाइगोतस्की

(B) ब्रूनर

(C) अल्फ्रेड बिनेट

(D) गार्डनर

**4.** एक शिक्षक द्वारा प्रतिभाशाली बालकों के उत्थान हेतु कौन-सा प्रयास किया जाएगा ?

(A) पढ़ने की धीमी गति

(B) विशिष्ट कक्षाएँ तथा प्रोत्साहन

(C) उन्हें दंड देना

(D) उन पर ध्यान नहीं देना

**5.** “स्टेनफोर्ड-बिने परीक्षण” मापन करता हैं ?

(A) व्यक्तित्व का

(B) पढ़ने की दक्षता का

(C) बुद्धि का

(D) इनमें से कोई नहीं

**6.** बालक के विकास की प्रकृति के संबंध में कौन सा कथन उपयुक्त है?

(A) सभी बालकों का विकास समान दर (गति) से होता है।

(B) विकास के विभिन्न पक्ष पृथक-पृथक होते हैं।

(C) विकास विशिष्ट से सामान्य की ओर अग्रसर होता है।

(D) विकास अनुवांशिकी और वातावरण की अंत:क्रिया का परिणाम है।

**7.** कालसेनिक ने बालक के विकास की कितनी अवस्था बताई हैं ?

(A) 9

(B) 7

(C) 8

(D) 6

**8.** बाल विकास का अध्ययन क्षेत्र हैं ?

(A) बाल विकास की विभिन्न अवस्थाओं का अध्ययन

(B) वातावरण का बाल विकास पर पढ़ने वाले प्रभावों का अध्ययन

(C) वैयक्तिक विभिन्नताओं का अध्ययन

(D) उपर्युक्त सभी

**9.** कौनसी अवस्था मे बच्चों को हस्तशिल्प औजारों के प्रयोग। खिलौने बनाना,बागवानी आदि की शिक्षा देनी चाहिए ?

(A) शैशवावस्था

(B) बाल्यावस्था

(C) किशोरावस्था

(D) उपर्युक्त मे से कोई नहीं

**10.**किशोरावस्था से संबंधित मनोविश्लेषणात्मक सिद्धांत के प्रतिपादक कौन हैं ?

(A) अन्ना फ्रायड

(B) जी. एस. हाल

(C) सिगमंड फ्रायड

(D) इरिक्सन

**11.**संज्ञानात्मक विकास मे वंश क्रम निर्धारित करता हैं ?

(A) मस्तिष्क जैसी शारीरिक संरचना के मूलभूत स्वभाव को

(B) शारीरिक संरचना के विकास को

(C) सहज प्रतिवर्ती क्रियाओं के अस्तित्व को

(D) उपर्युक्त सभी

**12.**वाटसन के अनुसार **“शैशवावस्था में सीखने की सीमा और तीव्रता, विकास की और किसी व्यवस्था की तुलना में अधिक होती है।“** इस कथन को ध्यान में रखकर शैशवावस्था में शिक्षा के आयोजन हेतु निम्न में से कौन सी क्रिया का निषेध होना चाहिए?

(A) आत्मनिर्भरता का विकास

(B) जिज्ञासा की संतुष्टि

(C) मूल प्रवृत्तियों का दमन

(D) क्रिया द्वारा सीखना

**13.**“अच्छी उपज के लिए अच्छे बीज और अच्छी धरती दोनों की आवश्यकता है।“ वुडवर्थ के अनुसार उपयुक्त कथन में धरती किससे संबंधित है?

(A) बालक के वातावरण से

(B) बालक के वंशानुक्रम से

(C) वातावरण एवं वंशानुक्रम की अन्तर्क्रिया से

(D) बालक की शिक्षा से

**14.**सीखना हैं ?

(A) ज्ञान का स्तर

(B) ज्ञान की ऊष्मा

(C) प्राणी मात्र के व्यवहार मे सुधार लाने की प्रक्रिया

(D) प्राणिमात्र के व्यवहार को प्रेरित करना

**15.**अधिगम के लिए क्या आवश्यक हैं ?

(A) स्वानुभाव (self-experience)

(B) स्व-चिंतन (self-thinking)

(C) स्व-क्रिया (self-activity)

(D) उपर्युक्त सभी

**16.**“करके सीखना” का विचार दिया -

(A) जॉन डीवी ने

(B) स्किनर ने

(C) मैसलो ने

(D) लेविन ने

**17.**भारतीय संविधान मे कौनसे संशोधन द्वारा “शिक्षा का अधिकार” सम्मिलित किया हैं ?

(A) 86 वाँ संविधान संशोधन

(B) 74 वाँ संविधान संशोधन

(C) 76 वाँ संविधान संशोधन

(D) 87 वाँ संविधान संशोधन

**18.** पाँच वर्ष का राजू अपनी खिड़की के बाहर तूफान को देखता है। बिजली चमकती है और कड़कने की आवाज आती है। राजू शोर सुनकर चलता है। बार-बार यह घटना होती है। फिर कुछ देर शांति के पश्चात बिजली कड़कती है। राजू बिजली की गर्जना सुन कर चलता है। राजू का उछलना सीखने के किस सिद्धांत का उदाहरण है?

(A) शास्त्रीय अनुबंधन

(B) क्रिया प्रसूत अनुबंधन

(C) प्रयत्न एवं भूल

(D) उपर्युक्त मे से कोई नहीं

**19.**"प्रयत्न एवं त्रुटि (trial and error)" सिद्धांत के प्रतिपादक कौन है ?

(A) पॉवलाव

(B) थार्नडाइक

(C) स्कीनर

(D) कोहलर

**20.** स्कीनर द्वारा प्रतिपादित अधिगम सिद्धांत है -

(A) शास्त्रीय अनुबंधन (classical conditioning)

(B) क्रिया प्रसूत अनुबंधन (operant conditioning)

(C) अंतर्दृष्टि अधिगम (insight learning)

(D) प्रयत्न एवं भूल अधिगम (trial and error method)

**21.**निम्नलिखित मे से कौनसी किशोरावस्था की मुख्य समस्याएँ हैं ?

(A) संवेगात्मक समस्याएँ

(B) शारीरिक परिवर्तनों की समस्याएँ

(C) समायोजन की समस्याएँ

(D) उपर्युक्त सभी

**22.**बालकों के मुफ़्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम,2009 मे निम्न मे से किस पर ध्यान नहीं दिया गया हैं ?

(A) अध्यापकों को प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करना

(B) घुमंतू बालकों के प्रवेश को सुनिश्चित करना

(C) एकेडमिक कलेंडर को निर्धारित करना

(D) 14 वर्ष के पश्चात शिक्षा व्यवस्था

**23.**बालकों के मुफ़्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम,2009 किस आयु समूह के बालकों के लिए हैं ?

(A) 5-12

(B) 12-18

(C) 7-15

(D) 6-14

**24.**एन. सी. एफ. 2005 मे बहु भाषा को एक संसाधन के रूप मे समर्थन दिया गया हैं क्योंकि-

(A) यह एक तरीका हैं जिसमें प्रत्येक बालक सुरक्षित महसूस करे

(B) भाषागत पृष्ठभूमि के कारण कोई भी बालक पीछे न छूट जाये

(C) यह बालकों को अपने पर विश्वास के लिये प्रोत्साहन देगा

(D) उपर्युक्त सभी

**25.**सीखने के लिए सीखना,जो सीखा है उसे छोड़ने की और दोबारा सीखने की तत्परता, नई परिस्थितियों के प्रति लचीले व रचनात्मक तरीके से प्रतिक्रिया व्यक्त करने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया पर जोर डालने की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण उद्देश्य था-

(A) 'शिक्षा बिना बोझ के'प्रतिवेदन-1983

(B) राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986

(C) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005

(D) माध्यमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण प्रतिवेदन-2005

**26.**शिक्षक के तौर पर आपने एक उपयुक्त परीक्षण और जांच सूची का उपयोग करके छात्र की बुद्धि, व्यक्तित्व तथा कक्षा व्यवहार के बारे में जानकारी एकत्र की है।
यह प्रक्रिया कहलाती हैं ?

(A) आकलन

(B) मापन

(C) मूल्यांकन

(D) उपर्युक्त सभी

**27.** बच्चे की बुद्धिलब्धि 90 से 110 के मध्य है, वह है-

(A) सामान्य बुद्धि

(B) प्रखर बुद्धि

(C) उत्कृष्ट बुद्धि

(D) प्रतिभाशाली

**28.**बालकों के मुफ़्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम,2009 के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों के लिए विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात होना चाहिए -

(A) 25:1

(B) 35:1

(C) 40:1

(D) 30:1

**29.**निम्न मे से कौन एक शिक्षण प्रतिमान (advance organizer) (प्रगतिशील संगठनकर्ता प्रतिमान) के प्रतिपादक हैं ?

(A) डेविड आसूबेल

(B) हिदा ताबा

(C) रिचर्ड सकमैन

(D) कोहलर

**30.**निम्न मे से कौन एक बाल अपराध (juvenile delinquency) का कारण हैं ?

(A) समृद्ध परिवार का होना

(B) माता-पिता मे अनबन रहना

(C) परिवार के सदस्यों का सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार

(D) परिवार मे आपस की सहमति से कार्य होना

# SECTION-B

**TOTAL QUESTIONS-30**

# प्रथम भाषा हिंदी

✓ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 1 से 5 के उत्तर दीजिए:**

सामाजिक समानता का अभिप्राय यह है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति धर्म व्यवसाय रंग आदि के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाए। सबको समान समझा जाए और सबको समान सुविधाएं दी जाएं। जाति प्रथा के नाम पर समाज में करोड़ों लोग अछूत के रूप में रहते हैं। उन्हें समाज से बहिष्कृत समझा जाता है और उन्हें सामाजिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। हमारे समाज में माता-पिता लड़कियों को भी वे सुविधाएं नहीं देते जो वे अपने लड़कों को देते हैं। इससे समाज की उन्नति में बाधा आती है। नागरिक समता का अर्थ है कि राज्य में नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हो। कानून और न्यायालयों में अमीर गरीब और ऊंच-नीच का कोई भेद ना हो। दंड से कोई अपराधी बच ना सके। उसी प्रकार राज्य के प्रत्येक नागरिक को राज्य कार्य में समान रूप से भाग लेने, मत देने, सरकारी नौकरी प्राप्त करने तथा राज्य के ऊंचे से ऊंचे पद को अपनी योग्यता के प्राप्त करने का अधिकार राजनीतिक समानता का द्योतक है।

**31.**बहिष्कृत शब्द में संधि है?

(A) स्वर संधि
(B) व्यंजन संधि
(C) विसर्ग संधि
(D) गुण संधि

**32.**ऊँच-नीच शब्द में समास का भेद है ?

(A) द्वंद्व समास
(B) इतरेतर द्वंद्व
(C) वैकल्पिक द्वंद्व
(D) समाहार द्वंद्व

**33.**नौकरी शब्द में संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) जातिवाचक
(C) समूहवाचक
(D) भाववाचक

**34.**अपराधी का विलोम शब्द होगा ?

(A) निरपराधी
(B) निरपराध
(C) निरापराध
(D) निरापराधी

**35.**कानून शब्द है ?

(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशज

**36.**निम्न में से भिन्न का चयन कीजिए ?

(A) व्यक्ति

(B) लोग

(C) पेशा

(D) क्षमता

**37.**पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए ?

(A) साहित्य

(B) अहिंसा

(C) सिद्धि

(D) मैत्री

**38.**तुम मेहनत करते तो अवश्य सफलता मिलती वाक्य में काल का भेद है ?

(A) सामान्य भूतकाल

(B) पूर्ण भूतकाल

(C) संदिग्ध भूतकाल

(D) हेतुहेतु मद भूतकाल

**39.**लड़के ने खाना खाया वाक्य में रेखांकित शब्द है ?

(A) एकवचन

(B) द्विवचन

(C) बहुवचन

(D) इनमें से कोई

**40.**निम्न में से दांत का पर्यायवाची नहीं है ?

(A) द्विज

(B) सायक

(C) दसन

(D) रद

**41.**पिताजी फल लेने बाजार जाते हैं वाक्य का उद्देश्य है?

(A) फल लेने

(B) बाजार

(C) पिताजी

(D) जाते हैं

**42.**जैसे ही पढ़ने बैठा बिजली चली गई वाक्य भेद का प्रकार है ?

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) साधारण वाक्य

(D) मिश्र वाक्य

**43.**वह गांव की ओर गया होगा वाक्य में पदबंध का प्रकार है?

(A) विशेषण पद बंद

(B) क्रियापद बंद

(C) संज्ञा पदबंध

(D) क्रिया विशेषण पद बंद

**44.**तीन तेरह होना मुहावरे का अर्थ है ?

(A) बिखर जाना

(B) सिद्धांत हीन

(C) टालमटोल करना

(D) पराजित होना

**45.**रस्सी जल गई पर ऐंठन न गई लोकोक्ति का अर्थ है ?

(A) अपने में मस्त रहना

(B) रस्सी जल जाने पर राख बन जाना

(C) दूसरों की परवाह न करना

(D) दुर्दशा होने पर भी अहंकार न छोड़ना

**46.**कक्षा शिक्षण में सामूहिक वाचन कब उपयोगी होता है ?

(A) अनुकरण वचन के बाद

(B) आदर्श वाचन के बाद

(C) एकल वाचन के बाद

(D) मौन वाचन के बाद

**47.**बालकों में लिपि ज्ञान तथा सृजनशीलता का विकास किस कौशल के माध्यम से होता है?

(A) श्रवण

(B) पठन

(C) वाचन

(D) लेखन

**48.**भाषा शिक्षक का प्रथम गुण है ?

(A) विषय का विस्तृत ज्ञान

(B) बाल मनोविज्ञान का ज्ञान

(C) शुद्ध उच्चारण

(D) शिक्षण विधियों का क्या

**49.**लिंगवा लैब उपागम भाषा शिक्षण किस कौशल के लिए उपयोगी है?

(A) शुद्ध उच्चारण

(B) शुद्ध लेखन

(C) सृजनशीलता

(D) भाषण कौशल

**50.**भाषा संसर्ग प्रणाली को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?

(A) निगमन विधि

(B) प्रयोग विधि

(C) सम वाय विधि

(D) पुस्तक विधि

**51.**द्वितीय भाषा शिक्षण की सर्वाधिक प्राचीन व प्रचलित विधि है?

(A) व्याकरण अनुवाद विधि

(B) वाचन विधि

(C) सम वाय विधि

(D) पाठ्यपुस्तक विधि

**52.**संविधान के किस अनुच्छेद में हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया है ?

(A) 343

(B) 344

(C) 345

(D) 346

**53.**गद्य शिक्षण का प्रथम चरण है ?

(A) अनुकरण वचन

(B) व्यक्तिगत वाचन

(C) आदर्श वाचन

(D) मौन वाचन

**54.**जब छात्र कंठस्थ कविता को बाल सभा में प्रस्तुत करता है तो इससे किस शिक्षण उद्देश्य की पूर्ति का पता चलता है?

(A) ज्ञानात्मक

(B) अवबोधात्मक

(C) अनुप्रयोगात्मक

(D) कौशलात्मक

**55.**बालक के विकास के विभिन्न पक्षों का स्तर ज्ञात करना कहलाता है ?

(A) मापन

(B) मूल्यांकन

(C) परीक्षण

(D) उपर्युक्त सभी

**56.** छात्र की मौखिक अभिव्यक्ति की योग्यता का मूल्यांकन करते समय निम्न में से आवश्यक है ?

(A) शुद्ध उच्चारण

(B) उचित गति

(C) व्याकरण सम्मत भाषा का प्रयोग

(D) उपर्युक्त सभी

**57.** निम्न में अधिगम संबंधी अक्षमता नहीं है ?

(A) वाक् दोष

(B) समस्यात्मक बालक

(C) कम सुनाई पड़ना

(D) दोषपूर्ण लेखन

**58.** रिक्त स्थान की पूर्ति से संबंधित प्रश्नों द्वारा छात्रों की किस योग्यता का मूल्यांकन होता है ?

(A) प्रत्यास्मरण योग्यता

(B) भावात्मक योग्यता

(C) बौद्धिकता

(D) सृजनात्मकता

**59.** छात्र की व्याकरणिक क्षमता का मापन करने के लिए कौन सी परीक्षा अधिक उपयोगी होगी ?

(A) साक्षात्कार

(B) रचना परीक्षा

(C) श्रुति लेख

(D) उच्चारण परीक्षा

**60.** कक्षा में कुछ छात्र संधि समास एवं संज्ञा शब्दों को समझने में विशेष कठिनाई अनुभव करते हैं इन के लिए उपयुक्त शिक्षण है ?

(A) निदानात्मक शिक्षण

(B) विशेष शिक्षण

(C) उपचारात्मक शिक्षण

(D) पूरक शिक्षण

# SECTION-C

# सामाजिक अध्ययन

**TOTAL QUESTIONS-60**

**61.**निम्न मे से किस एक पुरातात्विक स्थल से "गोदीवाड़ा" के साक्ष्य मिले हैं ?

(A) राखीगढ़ी

(B) कालीबंगा

(C) लोथल

(D) मोहनजोदड़ों

**62.**निम्नलिखित सिंधु-सरस्वती सभ्यता स्थलों में से कौनसे भारत मे स्थित हैं ?

1. मोहन जोदड़ों 2. हड़प्पा 3. सुत्तकांगेडोर 4. धौलावीरा 5. बनवाली 6. आलमगीरपुर

(A) 1,2,4,5

(B) 4,5,6

(C) 1,3,5

(D) 1,2,5,6

**63.**भारत मे सोलह महाजनपदों की जानकारी किस ग्रंथ मे मिलती हैं ?

(A) मुद्राराक्षस

(B) मेघदूत

(C) अंगुतर निकाय

(D) अष्टाध्यायी

**64.**मौर्य काल की राजनीतिक जानकारियाँ किस ग्रंथ/प्रशस्ति मे मिलती हैं ?

(A) अथर्ववेद

(B) अभिज्ञानशांकुन्तलम

(C) अर्थशास्त्र

(D) प्रयाग प्रशस्ति

**65.**अशोक के अभिलेखों के बारे मे निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. सर्वप्रथम 1837 ई. में जेम्स प्रिंसेप नामक विद्वान ने अशोक के लेखों का उद्वाचन किया।

2. 1915 ई. में मास्की से प्राप्त लेख में 'अशोक' नाम पढ़ लिया गया।

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

**66.**समुद्रगुप्त के बारे मे निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. प्रयाग प्रशस्ति में समुद्रगुप्त को “लिच्छवि दौहित्र” भी कहा गया है।

2. कर्नल जेम्स टॉड ने समुद्रगुप्त को “भारत का नेपोलियन” कहा है।

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

**67.**अशोक स्तम्भ, जिसे प्रयाग प्रशस्ति कहा जाता है, पर किस भाषा में समुद्रगुप्त के संधि विग्रहक हरिषेण ने प्रशंसात्मक वर्णन प्रसूत किया है ?

(A) हिन्दी

(B) प्राकृत

(C) पाली

(D) संस्कृत

**68.**बौद्ध धर्म के बारे मे निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. महात्मा बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति”बोध गया”से प्राप्त हुई थी।

2. त्रिपिटक ग्रंथ बौद्ध धर्म से संबंधित नहीं हैं।

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

**69.**निम्न मे से कौनसा एक युग्म सही नहीं हैं ?

(A) मत्स्य - विराटनगर

(B) गांधार - तक्षशिला

(C) अश्मक - प्रतिष्ठान

(D) चेदी - कौशाम्बी

**70.**“बाणभट्ट” के द्वारा रचित ग्रंथ का नाम हैं ?

(A) हर्ष चरित

(B) नागानन्द

(C) मुद्राराक्षस

(D) दान सागर

**71.**मोरक्को निवासी यात्री“इब्नबतूता” निम्न मे से किसके शासन काल मे भारत आया था ?

(A) अलाउद्दीन खिलजी

(B) फिरोज तुगलक

(C) मुहम्मद बिन तुगलक

(D) शेरशाह सूरी

**72.**“गुलरूखी” शीर्षक से कविता लिखने वाला दिल्ली का सुल्तान था ?

(A) सिकंदर लोदी

(B) मुहम्मद बिन तुगलक

(C) जलालउद्दीन खिलजी

(D) इल्तूतमीश

**73.**मज़्म-उल-बहरीन “Majma-ul-Bahrain” के रचनाकार हैं ?

(A) अमीर खुसरों

(B) मलिक मोहम्मद जायसी

(C) दारा शिकोह

(D) गुलबदन बेगम

**74.** “शेर शाह सूरी का मकबरा” कहाँ स्थित हैं ?

(A) आगरा

(B) दिल्ली

(C) लाहौर

(D) सासाराम

**75.**दक्षिण भारत मे “चिश्ती सिलसिले” का प्रमुख केंद्र था ?

(A) गुलबर्गा

(B) गोलकुंडा

(C) बीदर

(D) बीजापुर

**76.** निम्न मे से कौन "सतनाम पंथ" के संस्थापक थे ?

(A) कबीर दास

(B) गुरु घासीदास

(C) गुरु नानक देव

(D) रामदास

**77.**"बीजक" किसके द्वारा रचित हैं ?

(A) तुलसीदास

(B) रविदास

(C) कबीर

(D) सूरदास

**78.कथन (A):** भक्ति संतों ने आम जनता मे अपनी शिक्षाओं के प्रसार के लिए क्षेत्रीय भाषाओं को माध्य बनाया।

**कारण (R):** उनके समय काल मे फारसी राजकीय भाषा थी।

(A) A व R दोनों सत्य है और R,A की ठीक व्याख्या करता हैं।

(B) A व R दोनों सत्य है और R,A की ठीक व्याख्या नहीं करता हैं।

(C) A सत्य हैं एवं R असत्य हैं।

(D) A असत्य हैं एवं R सत्य हैं।

**79.**मुगल काल मे केन्द्रीय वित्त मंत्री को कहा जाता था ?

(A) वाकिया-ए-नवीस

(B) सद्र-उस-सुदूर

(C) मीर बख्शी

(D) दीवान-ए-आला

**80.** 1857 के विद्रोह की शुरुआत कहाँ से हुई थी ?

(A) बैरकपुर

(B) मेरठ

(C) कानपुर

(D) लखनऊ

**81.**महात्मा गांधी ने "चौरी-चोरा" की घटना के कारण किस आंदोलन को वापस लिया था ?

(A) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(B) असहयोग आंदोलन

(C) भारत छोड़ो आंदोलन

(D) चंपारण आंदोलन

**82.** "सविधान सभा" की पहली बैठक कब हुई थी ?

(A) 13 दिसंबर,1946

(B) 9 दिसंबर,1946

(C) 12 दिसंबर,1947

(D) 9 दिसंबर,1946

**83.**भारतीय संविधान मे हमारे राष्ट्र का उल्लेख किस/किन नाम/नामों से किया गया हैं ?

(A) भारत तथा इंडिया

(B) केवल भारत

(C) हिंदुस्तान तथा इंडिया

(D) भारत,हिंदुस्तान तथा इंडिया

**84.** भारतीय संविधान की कौन-सी विशेषता नहीं हैं ?

(A) प्रजातान्त्रिक पद्धति

(B) मूल अधिकार एवं कर्तव्य

(C) प्रत्येक नागरिक को रोजगार की सुरक्षा

(D) स्वतंत्र न्यायपालिका

**85.** भारतीय संविधान मे कुल कितनी अनुसूचियाँ हैं ?

(A) 12

(B) 10

(C) 8

(D) 9

**86.** निम्न मे से कौनसा एक भारतीय संविधान की प्रस्तावना का भाग नहीं हैं ?

(A) समाजवाद

(B) प्रजातान्त्रिक

(C) पंथनिरपेक्षता

(D) संघात्मकता

**87.**निम्न मे से कौनसा एक राजस्थान का राजकीय पशु हैं ?

(A) चिंकारा

(B) बाघ

(C) स्लाथ भालू

(D) मालपुरी भेड़

**88.**राजस्थान का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर -गुरु शिखर किया जिले मे स्थित हैं ?

(A) पाली

(B) उदयपुर

(C) सिरोही

(D) राजसमंद

**89.**राजस्थान की किस झील को रामसर आर्द्र भूमि की सूची मे सम्मिलित किया हैं ?

(A) नवल सागर

(B) आना सागर

(C) पुष्कर झील

(D) सांभर

**90.**राजस्थान मे भूरी मिट्टी का प्रसार क्षेत्र हैं ?

(A) बनास नदी का प्रवाह क्षेत्र

(B) राजस्थान का दक्षिणी भाग

(C) हाड़ौती पठार

(D) अरावली के दोनों तरफ के भाग

**91.**जनगणना-2011 के अनुसार राजस्थान के किस जिले मे उसकी कुल जनसंख्या मे अनुसूचित जाति की जनसंख्या सर्वाधिक प्रतिशत में निवासरत हैं ?

(A) भरतपुर

(B) पाली

(C) बीकानेर

(D) श्री गंगानगर

**92.**राजस्थान में सभ्यता के किस स्थल पर सबसे प्रथम बार हल से जूते हुए खेत के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं ?

(A) कालीबंगा

(B) आहड़

(C) रंगमहल

(D) गणेश्वर

**93.**नागभट्ट -प्रथम निम्न मे से किस राजवंश से संबंधित हैं ?

(A) परमार

(B) गुर्जर-प्रतिहार

(C) चौहान

(D) चालुक्य

**94.**मेवाड़ के किस शासक के समय जावर मे चाँदी की खान से खनन प्रारंभ हुआ था?

(A) लक्ष्य सिंह (राणा लाखा)

(B) क्षेत्र सिंह

(C) कुंभा

(D) राज सिंह प्रथम

**95.**1857 ई के विद्रोह के समय आउवा के ठाकुर कुशाल सिंह को मेवाड़ के किस स्थान के सामंत ने अपने यहाँ शरण प्रदान की थी ?

(A) भींडर

(B) कोठारिया

(C) बदनोर

(D) आसींद

**96.**निम्न मे से किस एक राजपूत राज्य के प्रजामंडल की स्थापना कोलकाता मे की गई थी ?

(A) करौली प्रजामंडल

(B) बीकानेर प्रजामंडल

(C) धौलपुर प्रजामंडल

(D) झालावाड़ प्रजामंडल

**97.कथन (A):** गवरी को लोक नाट्यो का मेरू नाट्य कहा जाता हैं ।

**कारण (R):** गवरी लोक नाट्य का प्रदर्शन केवल दिन मे होता हैं।

(A) A व R दोनों सत्य है और R,A की ठीक व्याख्या करता हैं।

(B) A व R दोनों सत्य है और R,A की ठीक व्याख्या नहीं करता हैं।

(C) A सत्य हैं एवं R असत्य हैं।

(D) A असत्य हैं एवं R सत्य हैं।

**98.**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ऊँटों के लोक देवता के रूप मे विख्यात पाबूजी की फड़ का वाचन रावण हत्था लोक वाद्य के साथ प्रस्तुत किया जाता हैं।
2. गोपी चंद और हीर राँझा भवाई लोक नाट्य की नाटिकाएँ हैं।

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

**99.**"मेमन्द" आभूषण पहना जाता हैं ?

(A) सिर पर

(B) कमर पर

(C) भुजा पर

(D) पैरों पर

**100.** "गागरोन दुर्ग" किन नदियों के संगम पर स्थित हैं ?

(A) काली सिंध -चम्बल

(B) पार्वती -काली सिंध

(C) काली सिंध-आहू

(D) परवन-पार्वती

**101.** "अंदेश्वर" के प्राचीन जैन मंदिर किस जिले मे स्थित हैं ?

(A) उदयपुर

(B) बीकानेर

(C) बाँसवाड़ा

(D) बूँदी

**102.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. बिंग बैंग सिद्धांत ब्रह्मांड की उत्पत्ति से संबंधित हैं।
2. पृथ्वी का सबसे निकटवर्ती तारा सूर्य हैं।

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

**103.** कर्क रेखा पर सूर्य की सीधी किरणे किस तिथि को गिरती हैं ?

(A) 21 मार्च

(B) 21 जून

(C) 22 दिसंबर

(D) 23 सितंबर

**104.** निम्न मे से किस एक को "पृथ्वी के फेफड़े" भी कहा जाता हैं ?

(A) साइबेरिया के पहाड़

(B) अमेजन बेसिन

(C) गंगा नदी बेसिन

(D) ग्रेट बेरियार रीफ़

**105.** विश्व का एक मात्र वृक्ष मेला कहाँ आयोजित होता हैं ?

(A) चंद्रभागा

(B) बालोतरा

(C) खेजड़ली

(D) लूनीयावास

**106.** "एटना" का सक्रिय ज्वालामुखी किस देश मे स्थित हैं ?

(A) जर्मनी

(B) आस्ट्रेलिया

(C) जापान

(D) इटली

**107.** क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का दूसरा बड़ा राज्य कौनसा हैं ?

(A) राजस्थान

(B) मध्य प्रदेश

(C) महाराष्ट्र

(D) उत्तर प्रदेश

**108.** भारत के किस राज्य मे "एसबेसटॉस" का सर्वाधिक उत्पादन होता हैं ?

(A) आंध्र प्रदेश

(B) ऑडिशा

(C) पश्चिम बंगाल

(D) राजस्थान

**109.** भारत की सबसे बड़ी नदी घाटी परियोजना **भाखड़ा नांगल परियोजना** मे निम्न मे से कौन सा एक राज्य सम्मिलित नहीं हैं ?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) हरियाणा

(D) पंजाब

**110.** निम्न मे से कौनसी एक अधिकांश भारतीयों की प्रमुख खाद्य फसल हैं ?

(A) मक्का

(B) बाजरा

(C) गैंहूँ

(D) चावल

**111.** निम्नलिखित में से किस राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों का सबसे बड़ा तंत्र विद्यमान है?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) तमिलनाडु

(C) राजस्थान

(D) मध्य प्रदेश

**112.** निम्नलिखित में से किसने कहा था कि मनुष्य को मनुष्य का अध्ययन करना चाहिए ?

(A) स्किनर

(B) जॉन डीवी

(C) सुकरात

(D) हॉल

**113.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन पाठ्यक्रम के लिए मान्य नहीं है ?

(A) यह स्कूलों में शिक्षा के उद्देश्यों को लागु करने के लिए डिजाईन की गयी नियोजित गतिविधियों का एक समूह है।

(B) यह राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा से विकसित होता है।

(C) इसमें पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों, शिक्षा शास्त्र और मूल्याङ्कन विधियों को शामिल किया गया है।

(D) यह भारत में विभिन्न स्तरों पर शिक्षा के लिए दृष्टी प्रदान करता है।

**114.** निम्नलिखित में से कौन सी सवेंदनशील शिक्षक की विशेषताएँ हैं ?

(A) आलोचना और मूल्यांकन मे पारंगत होना।

(B) स्वयं की आवश्यकताओं के प्रति सचेत रहना।

(C) हर समय स्वयं और दूसरों की निगरानी करने में सक्षम होना।

(D) छात्रों की आवश्यकताओं और समस्याओं के अनुरूप होना।

**115.** अधिगम एवम् शिक्षण के लिए सूचना,संचार एवं प्रौद्योगिकी (IC&T) क्यों महत्वपूर्ण हैं?

(A) गुणवत्ता में सुधार के लिए

(B) शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिये

(C) पारंपरिक विधि में बदलाव के लिए

(D) उपर्युक्त सभी

**116.** निम्नलिखित में से कौन सा बच्चों के बीच व्यक्तिगत सामाजिक गुणों को बढ़ने में मदद करता है ?

(A) सम्बंधित मुद्दे पर विशेष व्याख्यान आयोजित करना

(B) कक्षा में इस पर शिक्षक द्वारा प्रतिदिन 5 मिनट की बात करना

(C) विषय पर प्रश्नोत्तरी आयोजित करना

(D) कक्षा में सहयोगी और सहकारी रूप से सीखने को बढ़ावा देना

**117.** विद्यालय में अधिगम संस्कृति विकसित करने की संकल्पना को इनमे से कौन-सा विकल्प सुपरिभाषित कर सकता है ?

(A) अधिगम प्रतिफल

(B) विद्यालय विकास योजना

(C) साझा दृष्टिकोण का निर्माण करना

(D) दल अधिगम

**118.** सामाजिक अध्ययन शिक्षण का प्रमुख सूत्र है ?

(A) पारदर्शिता से दूरदर्शिता

(B) सरल से कठिन की ओर

(C) तेज ध्वनि में पढ़ाना

(D) स्तरानुकूल शिक्षण

**119.** निम्न मे से कौन-सी एक श्रव्य-दृश्य सामग्री नहीं है?

(A) छाया चित्र

(B) दूरदर्शन

(C) चलचित्र

(D) ड्रामा

**120.** निम्नलिखित में से कौन सी शिक्षण सामग्री केवल दृश्य सामग्री है?

(A) टेप रिकॉर्डर

(B) टेलीविज़न

(C) रेडियों

(D) ब्लेक बोर्ड

++++++++++ **END** ++++++++++

# गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
# बांसवाड़ा (राज.)

DATE 15-07-2022

# ANSWER KEY-MOCK TEST PAPER

# REET EXAMINATION

## (LEVEL 2 - SOCIAL STUDIES)

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 16 | A | 31 | C | 46 | B | 61 | C | 76 | B | 91 | D | 106 | D |
| 2 | C | 17 | A | 32 | C | 47 | C | 62 | B | 77 | C | 92 | A | 107 | B |
| 3 | D | 18 | A | 33 | B | 48 | C | 63 | C | 78 | B | 93 | B | 108 | D |
| 4 | B | 19 | B | 34 | B | 49 | A | 64 | C | 79 | D | 94 | A | 109 | A |
| 5 | C | 20 | B | 35 | D | 50 | C | 65 | C | 80 | B | 95 | B | 110 | D |
| 6 | D | 21 | D | 36 | D | 51 | A | 66 | A | 81 | B | 96 | B | 111 | A |
| 7 | C | 22 | D | 37 | A | 52 | A | 67 | D | 82 | D | 97 | B | 112 | C |
| 8 | D | 23 | D | 38 | D | 53 | C | 68 | A | 83 | A | 98 | A | 113 | D |
| 9 | C | 24 | D | 39 | A | 54 | C | 69 | D | 84 | C | 99 | A | 114 | D |
| 10 | C | 25 | C | 40 | B | 55 | B | 70 | A | 85 | A | 100 | C | 115 | D |
| 11 | A | 26 | A | 41 | C | 56 | D | 71 | C | 86 | D | 101 | C | 116 | D |
| 12 | C | 27 | A | 42 | D | 57 | B | 72 | A | 87 | A | 102 | C | 117 | D |
| 13 | A | 28 | D | 43 | B | 58 | A | 73 | C | 88 | C | 103 | B | 118 | B |
| 14 | C | 29 | A | 44 | A | 59 | B | 74 | D | 89 | D | 104 | B | 119 | A |
| 15 | D | 30 | B | 45 | D | 60 | C | 75 | A | 90 | A | 105 | C | 120 | D |